HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - धौलाना **दिनांक 18.03.2026**

थाना धौलाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल फोन बरामद।

कार्यवाहीः-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद जनपद मे अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस द्वारा देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त 02 अभियुक्तों को इण्डेन गैस एजेन्सी मुगल गार्डन के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना धौलाना पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का समयः- दिनांक- 18.03.2026 समय- 19.01 बजे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. अजीम राणा पुत्र सलीम राणा निवासी मुगल गार्डन पिपलैहड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़।
2. आजाद राजपूत पुत्र नौशाद निवासी ग्राम जई थाना भावनपुर जनपद मेरठ।

बरामदगी का विवरणः-

घटना में प्रयुक्त 02 मोबाइल फोन।

पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से दुश्मन देश पाकिस्तान के शहजाद भट्टी गैंगस्टर/कुख्यात अपराधी (आईएसआई समर्थित) के सम्पर्क में हैं एवं हमारे द्वारा रमेशनगर मैट्रो स्टेशन दिल्ली व उससे सटे सनातन मन्दिर व आस पास की कालोनी के फोटो वीडियो व लोकेशन आदि साझा किये गये थे तथा शहजाद भट्टी गैंगस्टर/कुख्यात अपराधी

(आईएसआई समर्थित) द्वारा रावण मन्दिर विसरख ग्रेटर नोएडा की लोकेशन भी हमें को भेजी गयी थी। हम सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से राष्ट्र विरोधी तत्वों के संपर्क में थे और दुश्मन देश पाकिस्तान के शहजाद भट्टी गैंगस्टर/कुख्यात अपराधी (आईएसआई समर्थित) को भारत से रमेश नगर मैट्रो स्टेशन दिल्ली से सटे महत्वपूर्ण सनातम मंदिर के फोटो वीडियो लोकेशन साझा करते थे, जिससे राज्य की सुरक्षा और हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के प्रयोजन से प्रतिसिद्ध स्थल की फोटो वीडियो को दुश्मन देश के कुख्यात गैंगस्टर शहजाद भट्टी को भेजकर गुप्त बातें साझा करते थे, जिसका उद्देश्य किसी बडी संगीन वारदात को अंजाम देना था जिससे देश को अपार क्षति हो सकती थी एवं धार्मिक सदभाव पर प्रतिकूल प्रभाव एवं राष्ट्र को खतरा हो सकता है। हम उससे इंस्टाग्राम व टेलीग्राम के माध्यम से जुड़े हैं, साथ ही उसके एक व्हाट्सअप नम्बर पर भी मेरी चैट होती है। हमारे द्वारा दिल्ली स्थित एक मंदिर की रैकी भी की गई है और उस मंदिर के आसपास के क्षेत्र के वीडियो भी भेजे गये हैं। हम लोग दिसम्बर 2025 से भट्टी से जुड़े है। हमारी शहजाद भट्टी से लाईव वीडियो चैट भी होती थी, दिनांक 19.02.2026 को शहजाद भट्टी के कहने पर व्हाट्स एप पर भेजे गये लोकेशन पर रमेश नगर मैट्रो स्टेशन दिल्ली, के पास सनातन धर्म मन्दिर और मन्दिर के बाहर की कालोनी का वीडियो/फोटो लेकर, शहजाद भट्टी के व्हाट्स एप्प पर भेजा था तथा बिसरख ग्रेटर नोएडा के रावण मन्दिर का लोकेशन भी शहजाद भट्टी की चैटिंग मे मिला है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः

1. थानाध्यक्ष श्री अवनीश कुमार शर्मा थाना धौलाना जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री वरुण कुमार सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड़।
3. उ0नि0 श्री सत्यवीर सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड़।
4. उ0नि0 श्री कुंवर बहादुर सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड़।
5. है0का0 41 कैलाश चन्द थाना धौलाना जनपद हापुड़।
6. का0 740 गौरव कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड़।